**ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ**
**6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003**

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD**
**6th Cross, Malleshwaram, Bengaluru – 560003**

**2025-26 ನೇ ಸಾಲಿನ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ**
**S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER- 2025-26**

**ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ – ಹಿಂದಿ (NCERT ಪಠ್ಯಕ್ರಮ)**

**Subject : Third Language- HINDI (NCERT Syllabus)**

**ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ** — **ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ : 60H**
**ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: 80** — **Subject Code : 60H**

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं :

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है,

   जिसमें प्रश्न पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल है।

**I. निम्न लिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए** :

8X1=8

1) निम्न में से **बहुवचन रूपी** शब्द है-

A) चींटियाँ B) घोड़ा

C) लाठी D) दीवार

2. **उम्मीद** शब्द का पर्यायवाची शब्द है -

A) उल्लास B) भरोसा

C) चिंता D) करुणा

3. **भय** शब्द का विलोम रूप है -

A) निर्भय B) सुभय

C) मधुर D) सभ्य

4. **चित्रांकन** शब्द में संधि है -

A) यण B) गुण

C) दीर्घ D) विसर्ग

5. निम्न में से **प्रत्यययुक्त** शब्द है -

A) प्रयोग B) अधिकार

C) विचार D) दैनिक

6. सच बताओ तुम कौन हो?

उपर्युक्त वाक्य में प्रयुक्त **विराम चिह्न** है -

A) अल्प विराम B) अर्ध विराम

C) प्रश्नवाचक D) पूर्ण विराम

7. **लोकप्रिय** शब्द में समास है -

A) द्विगु B) द्वंद्व

C) तत्पुरुष D) कर्मधारय

8. मैं ने एक घरवाले --------- बेघर कर दिय।

उपर्युक्त वाक्य में रिक्त स्थान के लिए उचित **कारक चिहन** है -

A) को B) ने

C) में D) से

**II. सही वाक्यांश को जोड़कर लिखिए। 4X1=4**

| अ | ब |
|---|---|
| 9. 1857 की तोप | a) तीसरी कसम के नायक |
| 10. मनुष्यता | b) बंगाल विद्यार्थी संघ के मंत्री |
| 11. अविनाश बाबू | c) राजनेता |
| 12. हीरामन | d) श्रीराम |
| | e) दानवीर |
| | f) मैथिली शरण गुप्त |
| | g) कंपनी बाग |

**III. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए। 4X1=4**

13. सुभाष बाबू के जुलूस का भार किस पर था?
14. 'तीसरी कसम' फ़िल्म का निर्माण किसने किया?
15. 'ततांरा-वामीरो कथा' कहाँ की लोककथा है?
16. जापान में चाय पीने की विधि को क्या कहते हैं?

**IV. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए। 8X2=16**

17. मीराबाई श्रीकृष्ण को पाने के लिए क्या-क्या कार्य करने को तैयार है?
18. विरासत में मिली चीज़ों की बडी संभाल क्यों होती है?
19. आत्मत्राण कविता के अंत में कवि क्या अनुनय करता है?
20. 'तीसरी कसम' फ़िल्म को खरीददार क्यों नहीं मिल रहे थे?
21. वज़ीर अली ने कंपनी के वकील का कत्ल क्यों किया?
22. शुद्ध सोना और गिन्नी का सोना इन दोनों में क्या अंतर है?

23. हरिहर काका को अपने भाई तथा महंत दोनों एक ही श्रेणी में क्यों लगाने लगे?

**अथवा**

लेखक और हरिहर काका के बीच के संबंध के बारे में बताइए

24. अगली श्रेणी पहुंचने के बाद लेखक का बालमन क्यों कांप उठता था?

**अथवा**

इफ़्फ़न की दादी ने अपने बेटे की शादी में गाना बजाने की इच्छा पूरी क्यों नहीं कर पाई?

**V. क) निम्नलिखित के आशय/भाव स्पष्ट कीजिए। 9X3=27**

25. खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी।

26. जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है।

27. यों जलद यान में विचर-विचर
था इंद्र खेलता इंद्रजाल।

**ख) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर तीन या चार वाक्यों में लिखिए।**

28. मीरा ने हरी से अपनी पीड़ा हरने की विनती कविता में किस प्रकार की है? विवरण कीजिए।

29. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में धरती को दुल्हन क्यों कहा गया है? वर्णन कीजिए।

30. ततांरा से देखी गई समुद्र तट का वर्णन कीजिए।

31. वज़ीर अली एक जाँबाज़ सिपाही था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

32. **निम्न्लिखित कवितांश का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

रहो न भूल के कभी मदांध तुच्छ वित्त में
सनाथ जान आपको करो न गर्व वित्त में
अनाथ कौन है यहाँ? त्रिलोक्नाथ साथ है,
दयालू दीन बंधु के बड़े विशाल हाथ हैं।

33. **गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :**

कबीर का जन्म 1398 को कशी में हुआ। वे गुरु रमानंद के शिष्य थे। इनकी भाषा पूर्वी जनपद की भाषा थी।

**VI. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच या छ: वाक्यों में लिखिए। 2X4=8**

34. बड़े भई साहब के विशेष गुणों पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

छोटे भाई का व्यक्तित्व बड़े भाई के व्यक्तित्व से बिलकुल अलग था, कैसे? स्पष्ट कीजिए।

**35. निम्न लिखित कवितांश पूर्ण कीजिए:**

ऐसी बांणी -------------, ----------------------

------------------------, ----------------- होई॥

**36. निम्न्लिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए-गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1X4=4**

भारतीय संस्कृति में तुलसी पादप का स्थान अद्वितीय है क्यों कि इसे लक्ष्मी का पादपावतार एवं विष्णु प्रिया भी कहा गया है। इसलिए वह प्रत्येक भारतीय परिवार के घर आंगन की शोभा बढाती है। तुलसी के रोगहारी शक्ति से प्रभावित संत गण इसको पूजन-अर्चन में अनिवार्यता प्रदान की है। तुलसी अपने लोकमंगल स्वभाव से ही भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है। इस पादप को वृन्दा एवं लक्ष्मी का वृक्षावतार कहा गया है।

**प्रश्न :**

अ) भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अद्वितीय क्यों है?

आ) संत महात्माओं ने तुलसी को पूजन-अर्चन में अनिवार्यता क्यों प्रदान की?

इ) विष्णु को तुलसी क्यों अत्यंत प्रिय है?

ई) तुलसी को किसका वृक्षावतार कहा गया है?

**VIII. 37) दिए-गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध रचिए। 1X4=4**

**क) पर्यावरण प्रदूषण**

* प्रस्तावना
* प्रदूषण के कारण
* परिहारोपाय
* उपसंहार

**ख) गण्तंत्र दिवस**

* प्रस्तावना
* गण्तंत्र दिवस का महत्व
* आचरण
* उपसंहार

**ग) इंटरनेट**

* प्रस्तावना
* लाभ
* हानि
* उपसंहार

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे पत्र लिखिए। 1X5=5**

उचित कारण देते हुए चार दिनों की छुट्ठी के लिए अपने प्रधान अध्यापक को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

शाला शैक्षिक यात्रा में भाग लेने के लिए पिताजी से 2000/- रुपए और अनुमति माँगते हुए एक पत्र लिखिए।

*****